समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

अब 1061 लोगों की हुई जांच, किया गया मुफ्त इलाज

कोरबा 21 नवम्बर 2020 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक 1061 पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क जांच एवं उनका मुफ्त में इलाज किया गया। मोबाईल मेडिकल यूनिट वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचकर शिविर लगा रही है तथा लोगों का निःशुल्क इलाज कर रही है। अब तक निगम क्षेत्र में 19 स्थानों में शिविर लगाए जा चुके हैं, योजनांतर्गत लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज किए जाने का यह कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, इस कड़ी में अभी तक 19 शिविरों के माध्यम से 1061व्यक्तियों की निःशुल्क जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

<u>सोमवार को 03 वार्डो में पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–</u> निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 नवम्बर सोमवार को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू सामुदायिक मंच बाईपास रोड, वार्ड क्र. 15 ढोढीपारा दुर्गा पण्डाल के पास, वार्ड क्र. 21 गणेश

पण्डाल दशहरा मैदान बुधवारी में मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।

योजना के तहत हो रहा श्रमिकों का पंजीयन– मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहते हैं, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन कर रहे हैं। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में ला रहे हैं। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ्स साथ में लाते हैं तथा उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाता है। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। मोबाईल मेडिकल यूनिट का स्लम क्षेत्रों में पहुंचने एवं इलाज करने का समय प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है, इसी निर्धारित समय पर मेडिकल यूनिट द्वारा वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं।